# <u>विवि में विश्व अंडा दिवस का आयोजन</u>




नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में माननीय कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में दिनांक 10 अक्टूबर 2025 को विश्व अंडा दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक एवं कुक्कुट विभाग प्रमुख डॉ. गिर्राज गोयल द्वारा जबलपुर के पनागर ब्लॉक से आए 50 किसानों एवं विश्वविद्यालय के छात्रों को अंडे के पोषक महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित संचालक विस्तार सेवाए डॉ सुनील नायक ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि अंडा प्रोटीन युक्त अत्यंत पौष्टिक खाद्य पदार्थ है, जो सभी के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कुक्कुट अखिल भारतीय समन्वित परीयोजना के प्रमुख डॉ मोहन सिंह ठाकुर ने किसानों एवं छात्रों को प्रतिदिन के भोजन में अंडे को शामिल करने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में सभी किसानो एवं छात्रों को अंडे का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ लक्ष्मी चौहान द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में अधिष्ठाता मत्स्यपालन महाविद्यालय डॉ. एस.के. महाजन, डॉ. कुश श्रीवास्तव और डॉ. अनिल शिंदे भी उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर